सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **67**

20/01/2026

# बिहार राज्य की काराओं में बंदियों द्वारा निर्मित उत्पाद अब खादी मॉल, गांधी मैदान एवं बिहार संग्रहालय में उपलब्ध

**पटना, 20 जनवरी 2026** :– बिहार सरकार के गृह विभाग के अंतर्गत कारा एवं सुधार सेवाएँ, गृह विभाग द्वारा कारा में संसीमित बंदियों के कौशल विकास एवं पुनर्वास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत बंदियों द्वारा निर्मित उत्पाद अब पटना स्थित गांधी मैदान के खादी मॉल एवं बिहार संग्रहालय की हैन्डीक्रैफ्ट दुकान में उपलब्ध कराए गए हैं । इस पहल का शुभारंभ 20 जनवरी, मंगलवार को गृह सचिव सह कारा महानिरीक्षक श्री प्रणव कुमार भा.प्र.से. द्वारा खादी मॉल, गांधी मैदान में फीता काटकर किया गया ।

इस अवसर पर खादी मॉल में "मुक्ति" ब्रांड के उत्पादों का शुभारंभ करते हुए गृह सचिव–सह–कारा महानिरीक्षक श्री प्रणव कुमार ने कहा कि कारा में बंदियों द्वारा निर्मित उत्पादों को बिक्री के लिए शोकेस किया गया है, जिससे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्राप्त होगा । उन्होंने कहा कि ये सभी उत्पाद पूर्णतः बंदियों द्वारा निर्मित हैं तथा उनकी गुणवत्ता उच्च स्तर की है।

उन्होंने बताया कि कार्य कर रहे बंदियों को उनके परिश्रम का पारिश्रमिक दिया जाता है, साथ ही एक हिस्सा पीड़ित परिवारों को भी प्रदान किया जाता है, जिससे पीड़ित परिवार को न्याय और समाजिक सहारा मिलता है । यदि कोई व्यक्ति मुक्ति उत्पाद खरीदता है तो बंदी को एक अवसर, एक परिवार को सहारा एवं समाज को एक बेहतर भविष्य देता है । आने वाले समय में मुक्ति उत्पादों की बिक्री एवं उत्पादन में और अधिक वृद्धि होने की संभावना है । इस पहल को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को उन्होंने बधाई दी ।

बिहार संग्रहालय के महानिदेशक एवं पूर्व मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि कारा में बंदियों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प उत्पाद अत्यंत सुंदर एवं गुणवत्तापूर्ण हैं, जिन्हें बिहार संग्रहालय की हैन्डीक्रैफ्ट दुकान में उपलब्ध कराया गया है । उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस माध्यम से ये उत्पाद घर–घर तक पहुँचेंगे । उन्होंने बताया कि बिहार संग्रहालय की दुकान से प्रतिवर्ष लगभग दो करोड़ रुपये के उत्पादों की बिक्री होती है और अब काराओं में बंदियों द्वारा निर्मित उत्पाद भी आम जनता तक पहुँच सकेंगे।

इस अवसर पर गृह विभाग (कारा) के अपर सचिव–सह–निदेशक (प्रशासन) श्री संजीव जमुआर, उप महानिरीक्षक–सह–निदेशक कर्मशाला श्री जवाहर लाल प्रभाकर, निदेशक प्रोबेशन चर्या श्री अजफर इमाम आजाद, संयुक्त सचिव श्री विनोद कुमार दास, उप महानिरीक्षक–सह–अधीक्षक आदर्श केंद्रीय कारा बेऊर, पटना श्री नीरज कुमार झा, प्रशासी पादाधिकारी खादी मॉल, श्री अभय कुमार सिंह, सहायक कारा महानिरीक्षक (क्षेव) श्री राजीव कुमार, सहायक कारा महानिरीक्षक (मुव) श्री राजीव कुमार सिंह, सहायक निदेशक, (सूचना एवं जनसम्पर्क) गृह विभाग श्री अमन कुमार आकाश सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

————————————